

## एक नजर में

### सैलाना में विशेष वन अधिकार शिविर आयोजित



**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह के आदेशानुसार जनपद पंचायत सैलाना में विशेष वन अधिकार शिविर का आयोजन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सैलाना की अध्यक्षता में किया गया। उक्त बैठक में सीईओ जनपद पंचायत सैलाना, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, क्षेत्र संयोजक जनजातीय कार्य विभाग, उपवन मंडल अधिकारी, रेंज ऑफिसर सैलाना, रेंज ऑफिसर शिवगढ़ तथा संबंधित पंचायत सचिव एवं बीट गार्ड उपस्थित रहे। बैठक में 18 ग्राम पंचायतों के ग्राम स्तर पर लंबित 3914 फाइल्स पर कार्यवाही की गई। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती डॉ. प्रियंका राय द्वारा सैलाना क्षेत्र के विभिन्न छात्रावासों एवं विद्यालयों का औपचारिक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावासों में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक रविवार को विद्यार्थियों को डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित करने तथा सभी छात्रावासों में लाइब्रेरी कॉर्नर विकसित करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

### अपर कलेक्टर ने संस्थाओं का किया निरीक्षण

**रतलाम।** अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जिले में संचालित अशासकीय संस्थाओं देवप्रकाश सेवा संस्थान बालगृह, निवेदिता बालिकागृह, मातृछाया सेवा भारती शिशुगृह तथा शासकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया। देवप्रकाश सेवा संस्थान बालगृह में 11 बालक निवासरत पाए गए, जिनमें से 5 बालक नियमित रूप से विद्यालय में अध्ययनरत हैं। संस्था में सीसीटीवी कैमरे संचालित हैं तथा बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। निवेदिता बालिकागृह में 26 बालिकाएं निवासरत हैं। इनमें 10 बालिकाएं विद्यालय, 2 बालिकाएं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई तथा 5 बालिकाएं राज्य ओपन/प्राइवेट माध्यम में अध्ययनरत हैं। बालिकाओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। बारिश के मौसम को देखते हुए स्वच्छ पेयजल एवं साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। मातृछाया सेवा भारती शिशुगृह में 8 शिशु (5 बालक एवं 3 बालिकाएं) निवासरत हैं। इनमें 2 बालक विद्यालय में अध्ययनरत हैं। मातृछाया सेवा भारती शिशुगृह में शिशुओं को पौष्टिक आहार, जैसे दलिया एवं उबला हुआ अनाज दिया जाता है। भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। शिशुगृह में 5 बालकों को लीगल फ्री किए जाने हेतु पेपर विज्ञप्ति जारी करने की कार्यवाही की जा रही है। बाल सम्प्रेक्षण गृह में 17 बालक निवासरत पाए गए, जिनमें से 4 बालक प्राइवेट अध्ययनरत हैं।

### गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के तहत प्रतियोगिता आयोजित



**आलोट।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय आलोट में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के चतुर्थ दिवस पर शनिवार को 'गुरु का जीवन में महत्व' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा, गुरु के आदर्श स्वरूप तथा उनके प्रति श्रद्धा, सम्मान एवं कृतज्ञता के भाव से परिचित कराना था। विद्यालय के प्राचार्य फिरोज खान ने माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के उप प्राचार्य पीयूष शर्मा ने अपनी बात रखी। शिक्षक शिवांगी मिठ्ठोलिया, शानू दायमा, उमेश, ब्रजराज सिंह, गोपाल पोरवाल, सतीश मीणा, मडिया परमार, कार्यक्रम समन्वयक पूजा अग्रवाल सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थिति रही।

# जेल की दीवारों के पार भी 'दबंगई'! वायरल वीडियो ने खोली सुरक्षा की पोल

- सर्किल जेल के मुलाकात कक्ष से बना वीडियो वायरल
- चाकूबाजी के आरोपित का पिस्तौल जैसा इशारा बना सवाल




**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर की सर्किल जेल एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवालों के घेरे में आ गई है। चाकूबाजी के मामले में गिरफ्तार होकर महज चार दिन पहले न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजे गए आरोपित बाबर पुत्र फिरदोस खान पठान का मुलाकात कक्ष के भीतर से बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं।

वायरल वीडियो में बाबर मुलाकात कक्ष के पारदर्शी शीशे के पीछे बैठा इंटरकॉम के जरिए मुलाकाती से बातचीत करता दिखाई देता है। इसी दौरान बाहर मौजूद व्यक्ति ने मोबाइल फोन से उसका वीडियो रिकॉर्ड किया। वीडियो में बाबर कैमरे की ओर देखकर हाथ हिलाता है और उंगलियों से पिस्तौल जैसा इशारा करता नजर आता है। उसके हाव-भाव से स्पष्ट प्रतीत होता है कि उसे रिकॉर्डिंग की जानकारी थी। मामले को और गंभीर इसलिए माना जा रहा है क्योंकि जेल परिसर में मोबाइल फोन और किसी भी प्रकार की वीडियो रिकॉर्डिंग पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद मुलाकात कक्ष तक मोबाइल पहुंचना और वहां से वीडियो रिकॉर्ड होकर सोशल मीडिया पर वायरल होना सुरक्षा व्यवस्था में संभावित चूक की ओर इशारा करता है। वायरल वीडियो में आपत्तिजनक संवाद और अपराध का महिमामंडन करने वाला ऑडियो भी जोड़ा गया है, जिससे यह तेजी से इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया है, हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इसे अपलोड करने वाला व्यक्ति वही है जिसने जेल परिसर में वीडियो रिकॉर्ड किया था या कोई अन्य। बाबर पठान स्टेशन रोड थाना क्षेत्र की शनि गली (हरमाला रोड) स्थित शराब दुकान के बाहर 10 जुलाई की रात हुई चाकूबाजी का मुख्य आरोपित है।

पुलिस ने उसे 14 जुलाई को इंदौर से गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद किया गया था। न्यायालय में पेशी के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में सर्किल जेल भेजा गया था। इस मामले में एक महिला सहित एक अन्य आरोपित की तलाश अभी जारी है। उल्लेखनीय है कि रतलाम सर्किल जेल में वर्तमान में 640 बंदी निरुद्ध हैं, जिनमें 34 महिला बंदी भी शामिल हैं। ऐसे में जेल के भीतर से वायरल हुआ यह वीडियो केवल एक बंदी का मामला नहीं, बल्कि पूरी जेल सुरक्षा, निगरानी तंत्र और मुलाकात व्यवस्था की विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल बनकर सामने आया है।

#### घटना ने कई सवाल खड़े किए

घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि जेल में मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित है तो रिकॉर्डिंग किसने और कैसे की? क्या सुरक्षा जांच में लापरवाही हुई या मुलाकात व्यवस्था में निगरानी कमजोर है? क्या वीडियो बनाते समय किसी कर्मचारी की नजर नहीं पड़ी? इन सवालों के जवाब अब जांच के बाद ही सामने आएंगे।

#### जांच के बाद होगी कार्रवाई

जेलर बृजेश मकवाना ने बताया कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में आया है। वीडियो कब रिकॉर्ड किया गया, किसने बनाया और यह सोशल मीडिया तक कैसे पहुंचा, इसकी जांच कराई जा रही है। जांच में यदि बंदी या किसी अन्य की संलिप्तता सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एक माह में परिवार की चार भैंसें चोरी, ग्रामीणों का थाने पर धरना

**नव भारत न्यूज**

**नामली।** रतलाम जिले के ग्राम सिखेड़ी में एक ही परिवार की एक माह के भीतर चार भैंसें चोरी होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। शनिवार सुबह 9 बजे भैंस मालिक दोनों भाई अपने परिजनों एवं 100 से अधिक ग्रामीणों के साथ नामली थाने पहुंचे और पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र चोरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने के सामने धरने पर बैठ गए।

जानकारी के अनुसार, करीब एक माह पूर्व ग्राम सिखेड़ी निवासी बलराम जाट के खेत पर बने मकान से दो भैंसें चोरी हो गई थीं। घटना की रिपोर्ट अगले दिन नामली थाने में दर्ज कराई गई थी। पीड़ित ने वाहन के निशान, भैंसों के पैरों के निशान तथा संदेह के आधार पर कुछ नाम भी पुलिस को बताए थे, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी और चोरी गई भैंसों का अब तक पता नहीं चल पाया।

इसी बीच शुक्रवार रात चोरों ने बलराम जाट के भाई मदन जाट के खेत से भी दो भैंसें चोरी कर लीं। बताया जा रहा है कि चोरों ने गांव में खेत की ओर जाने वाले रास्ते पर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और उसी रास्ते से भैंसों को ले जाने में सफल रहे।

शनिवार सुबह जब मदन जाट खेत पहुंचे तो चोरी की जानकारी मिली। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण नामली थाने पहुंचे और लगातार हो रही भैंस चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की।

मौके पर थाना प्रभारी अमित कोरी एवं सहायक के.के. पटेल ने ग्रामीणों से चर्चा की और चार से पांच दिनों के भीतर आरोपियों का पता लगाकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

इस दौरान भाजपा नेता विवेकानंद चौधरी ने ग्रामीणों से शांतिपूर्वक पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि धरना देने के बजाय सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस की मदद करें, ताकि चोरों तक जल्द पहुंचा जा सके। इस पर ग्रामीणों ने भी पुलिस को सहयोग देने की बात कही, लेकिन साथ ही शीघ्र कार्रवाई की मांग दोहराई।

घटनास्थल से चोर भैंसों के गले में बंधी घंटियां, रस्सियां तथा एक साल (कृषि उपकरण) छोड़कर फरार हो गए। लगातार हो रही भैंस चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के किसानों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

## नारकोटिक्स दवाओं का रिकॉर्ड नहीं दिखा सके दो मेडिकल स्टोर, लाइसेंस पर लटक सकती है कार्रवाई

- दो दिन में अभिलेख पेश करने के आदेश

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में नशीली और प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने निगरानी और सख्त कर दी है। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के तहत शनिवार को राजस्व और औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के तीन मेडिकल स्टोरों पर औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान दो मेडिकल स्टोर निर्धारित अभिलेख मौके पर प्रस्तुत नहीं कर सके, जिसके बाद उन्हें दो दिन की मोहलत देते हुए चेतावनी जारी की गई है।

औषधि निरीक्षक अजय कुमार मीणा ने बताया कि नाहरपुरा स्थित शहनाज मेडिकल, शास्त्री नगर स्थित न्यू नेशनल मेडिकल तथा रतलाम हॉस्पिटल परिसर स्थित रतलाम केमिस्ट का निरीक्षण किया गया। टीम ने टॉसेक्स कफ सिरप, एलप्रेक्स टैबलेट और ट्रामाडोल इंजेक्शन जैसी नारकोटिक्स श्रेणी की दवाओं के स्टॉक के साथ उनके क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेखों का मिलान किया।

निरीक्षण के दौरान शहनाज मेडिकल और न्यू नेशनल मेडिकल आवश्यक क्रय-विक्रय अभिलेख मौके पर प्रस्तुत नहीं कर सके। दोनों प्रतिष्ठानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे दो दिवस के भीतर नारकोटिक्स श्रेणी की सभी दवाओं के खरीद-बिक्री संबंधी दस्तावेज विभाग के समक्ष प्रस्तुत करें। यदि तय समय में अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए तो संबंधित मेडिकल स्टोरों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर उनके औषधि लाइसेंस के निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।वहीं रतलाम हॉस्पिटल परिसर स्थित रतलाम केमिस्ट ने जांच के दौरान सभी आवश्यक अभिलेख तत्काल प्रस्तुत कर दिए, जिससे उसका रिकॉर्ड संतोषजनक पाया गया। संयुक्त कार्रवाई में नायब तहसीलदार श्री पाण्डेय, औषधि निरीक्षक अजय कुमार मीणा और औषधि निरीक्षक बलराम चौधरी शामिल रहे।

## सीएमएचओ ने दस्तक अभियान की मॉनिटरिंग की



**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में दस्तक अभियान चलाया जा रहा हैं। इसमें आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम द्वारा 0 से 5 वर्ष आयु समूह के बच्चों को बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान एवं प्रबंधन, 9 माह से 5 वर्ष की आयु के बच्चों को विटामिन ए का अनुपूरण, बच्चों में हीमोग्लोबिन की जांच कर आयरन फोलिक एसिड की प्रदायगी, कुपोषित बच्चों की पहचान कर पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करने तथा दस्त रोग से बचाव हेतु ओआरएस और जिंक की गोलियों के वितरण संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिवा ने कार्यक्रम के संबंध में आयुष्मान आरोग्य मंदिर आड़ापंथ, आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुंवरपाड़ा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रावटी का निरीक्षण किया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर आड़ापंथ में नवनिर्मित भवन में बिजली, पानी की व्यवस्था करने एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का सहयोग लेने हेतु डॉ. पीयूष मांगरिया को निर्देशित किया। ग्राम कुंवरपाड़ा में सीएचओ प्रियंका पाटीदार अनुपस्थित पाई गईं।

इस संबंध में अभियान के दौरान किसी को भी अवकाश स्वीकृत नहीं करने संबंधी निर्देश दिए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रावटी में 3 चिकित्सक पदस्थ पाए गए। निरीक्षण के दौरान दो नर्सिंग ऑफिसर का स्थानांतरण होने के कारण केंद्र पर शीघ्र नर्सिंग ऑफिसर की व्यवस्था करने हेतु कहा गया। निरीक्षण के दौरान एनवीबीडीसीपी सलाहकार डॉ. प्रमोद प्रजापति तथा डीसीएम कमलेश मुवेल उपस्थित रहे।

## हफ्ता देने से मना करने पर कर दी तोड़फोड़

**रतलाम।** गायत्री टॉकीज के नीचे स्थित 'उपसरपंच चाय की दुकान' पर सुबह-सुबह छह बदमाशों ने धावा बोल दिया। हफ्ता देने से मना करने पर बदमाशों ने दुकान में तोड़फोड़ की और सामान फेंक दिया। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह दुकान पुलिसकर्मी नीलेश पाटीदार की है। शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे जब दुकान पर हर्षित पवार नामक युवक काम कर रहा था, तभी वहां छह बदमाश पहुंचे। बदमाशों ने करीब तीन मिनट तक हर्षित पर धौंस जमाई और हफ्ते (रंगदारी) की मांग की। जब हर्षित ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया, तो बदमाश गाली-गलौज और विवाद करने लगे।

## ध्वजा चढ़ाई, महाआरती और महाप्रसादी में उमड़े श्रद्धालु

**जावरा।** नगर के पहाड़िया रोड़ स्थित पूनम विहार कॉलोनी स्थित भगवान पूर्णेश्वर महादेव मंदिर एवं प्रकटेश्वर गणेश मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय धार्मिक आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन ध्वजा चढ़ाई, महाआरती एवं महाप्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कॉलोनीवासियों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

पहले दिन संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसका लाभ राजेश भावसार परिवार ने प्राप्त किया। प्रकटेश्वर गणेश मंदिर की ध्वजा एवं महाआरती का लाभ पप्पू शर्मा परिवार तथा भगवान पूर्णेश्वर महादेव मंदिर की ध्वजा एवं महाआरती का लाभ भंवरलाल अग्रवाल परिवार ने लिया। वहीं भगवान पूर्णेश्वर महादेव के आकर्षक श्रृंगार का लाभ पारस सकलेचा परिवार द्वारा प्राप्त किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल दसेड़ा, अभय भंडारी उपस्थित रहे। संचालन पर पूनम विहार विकास समिति के अध्यक्ष रमेशचंद्र गुप्ता, सचिव राजेश भावसार, कोषाध्यक्ष पारस सकलेचा तथा कार्यक्रम संयोजक पप्पू शर्मा, राहुल छाजेड़ एवं अशोक पोरवाल ने सभी श्रद्धालुओं, अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। चंद्रप्रकाश मेहता, सुरेश पटेल, जुझारसिंह राठौर, बी.एल. भामर, अनिल सोनी, लक्ष्मीनारायण पोरवाल, महेंद्र सिंह देवड़ा, डॉ. राज दांगी, सुनील भंडारी आदि का सहयोग रहा।

## आजमपुर डोडिया में दूषित पानी से कई ग्रामीण बीमार, विधायक पहुंचे, राहत कार्य शुरू

**नव भारत न्यूज**

**पिपलोदा/जावरा।** पिपलोदा तहसील के ग्राम आजमपुर डोडिया में दूषित पेयजल के सेवन से कई ग्रामीण उल्टी, दस्त और बुखार की चपेट में आ गए। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया तथा गांव में तत्काल राहत एवं चिकित्सा सेवाएं शुरू कर दी गईं।

जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय, रतलाम के अपर कलेक्टर ब्रजेश रावत, पिपलोदा तहसीलदार प्रीति साठे सहित प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने बीमार ग्रामीणों एवं प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उपचार व्यवस्था का निरीक्षण किया।

**कुंए का निरीक्षण :** विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय ने उस कुएं का भी निरीक्षण किया, जिसके पानी के सेवन से ग्रामीणों के बीमार होने की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल पानी की गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश दिए तथा पिपलोदा से ट्यूबवेल के माध्यम से गांव में स्वच्छ पेयजल की वैकल्पिक और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग ने गांव में विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित कर डॉक्टरों की टीम के माध्यम से मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, आवश्यक दवाइयों का वितरण किया तथा गंभीर मरीजों को अस्पताल रेफर किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर पहुंचकर सर्वे भी किया और ग्रामीणों के स्वास्थ्य की निगरानी शुरू की।

**पेयजल स्त्रोतों की जांच के निर्देश जारी :** अपर कलेक्टर ब्रजेश रावत ने संबंधित विभागों को पेयजल स्त्रोतों की जांच, पानी की टंकियों की सफाई, पाइपलाइन की जांच तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पानी की जांच रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**विधायक बोले- उबालकर करे पानी का उपयोग :** विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय ने ग्रामीणों से अपील की कि वे घबराएं नहीं और फिलहाल पानी को उबालकर ही उपयोग करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन पूरी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है तथा प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशासन ने पानी के नमूने प्रयोगशाला भेज दिए हैं। फिलहाल गांव में स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है और स्वास्थ्य विभाग लगातार निगरानी बनाए हुए है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष दिनेश पाटीदार, प्रवीण सिंह सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।


